कोटद्वार, मंगलवार
17 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 52 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री पर फिसली बाइक, सात साल के मासूम की दर्दनाक मौत

देहरादून। सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री पर बाइक फिसलने से सात साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में बाइक फिसलने से मासूम सड़क पर गिरा तो पीछे से आ रहे पिकअप ने कुचल दिया। मामले में आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। योगराज सिंह निवासी आईटी पार्क ने पुलिस को शिकायत दी। बताया कि वह 14 जून की दोपहर सवा तीन बजे सात वर्षीय भतीजे गर्वित को बाइक पर बैठकार जोगीवाला, रिंग रोड होते हुए आईटी पार्क स्थित अपने आवास पर जा रहे थे। यहां सड़क खुदाई का निर्माण का काम चल रहा है। इससे जगह–जगह निर्माण सामग्री पड़ी हुई है। निर्माण सामग्री पर योगराज सिंह की बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने से उनका भतीजा सड़क पर गिरा। पीछे से तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी आ रही थी। उसने गर्वित को कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे में योगराज सिंह को भी चोट आई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### वैदिक साधन आश्रम के तीन छात्र लापता

देहरादून। तपोवन स्थित वैदिक साधन आश्रम के तीन छात्र लापता हो गए। घटना 13 जून की दोपहर की है। मामले में दो दिन बाद संस्थान के प्रधानाचार्य की ओर से रायपुर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस तीनों किशोरों की तलाश में जुट गई है। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि वैदिक साधन गुरूकुलम तपोवन के प्रधानाचार्य रवींद्र कुमार आर्य ने तहरीर दी। बताया कि बीते तीन जून को नीरज कोडा निवासी चंडीगढ़ उनके आश्रम में आए। वहां अपने साथ 13 वर्ष के सूरज, 13 वर्ष के विकास और 10 वर्षीय बालक शिवम को लाए। नीरज कोडा ने कहा कि तीनों बालक इससे पहले कभी पढ़े नहीं है। इसलिए उन्हें शुरू से पढ़ाना होगा। संस्थान ने नीरज कोडा को बताया कि 11 जून से 22 जून तक आश्रम में ग्रीष्मकालीन अवकाश होगा। इस दौरान सब बच्चे घर जाएंगे। इसलिए इन बच्चों को 22 जून को लाकर दाखिला कराने को कहा। हालांकि, नीरज ने कहा कि वह तो तीनों को छोड़ने आए हैं। विनती कर वह तीनों को आश्रम में छोड़कर चले गए। 11 जून को आश्रम ने अन्य बच्चे चले गए। जबकि, यह तीनों आश्रम में रहे। अन्य सभी बच्चों के जाने पर इन्होंने भी अपने घर जाने की जिद की। गुरूकुल के संरक्षक किरण कुमार ने नीरज कोडा से फोन पर बात की। इस दौरान नीरज ने बच्चों से बात करने के मना कर दिया।

### मसूरी में बारिश से मौसम सुहाना, चोक नालियों से सड़कें हुई लबालब

देहरादून। मसूरी में दोपहर बाद बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं बारिश के दौरान चोक नालियों से गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। इससे सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। यहां दोपहर तक धूप खिली रही और बढ़ते तापमान में लोगों को गर्मी भी महसूस हो रही थी, लेकिन दोपहर बाद तीन बजे से यहां झमाझम बारिश हुई। सोमवार को मसूरी में सुबह शुरूआत धूप खिलने के साथ ही हल्की हवाओं के साथ हुई। दिन में यहां मौसम में हल्की गर्मी भी महसूस की जा रही थी, लेकिन तीन बजे बाद मौसम बदला और आसमान में गहरे काले बादल छा गए। कुछ देर बाद झमाझम बारिश शुरू हुई तो नालियां का पानी सड़कों पर बहने लगा। माल रोड समेत आसपास की लोगों की चहलकदमी बिल्कुल ना के बराबर रही। करीब घंटे भर बाद बारिश रुकी तो फिर से धूप खिल आई और माल रोड पर पर्यटकों के साथ ही आम लोगों की चहलकदमी शुरू हो गई। बारिश के बाद मौसम भी सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी और उमस पर राहत मिली।

### ट्रांसजेंडर गुटों में बधाई वसूली की मारपीट मामले में मुकदमा

देहरादून। सहस्रधारा रोड पर विश्वनाथ एनक्लेव में शनिवार को ट्रांसजेंडरों के दो गुटों के बीच बधाई वसूली को लेकर हुई मारपीट मामले में रायपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा राज्यमंत्री रजनी रावत की तरफ से दर्ज किया गया है। उधर, दूसरे पक्ष ने मारपीट को लेकर पुलिस को तहरीर दी हुई है। उत्तराखंड के समाज कल्याण विभाग में राज्यमंत्री रजनी रावत ने रायपुर थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि सचिन उर्फ निशा चौहान, सुनील उर्फ अदिति शर्मा, बन्नी राणा उर्फ गुरु शालू, सुम्मु उर्फ करिश्मा और तन्नू सहित उनके साथियों ने उनके नाम का दुरुपयोग कर लोगों से जबरन वसूली की और उनके साथ मारपीट की। रजनी रावत ने तहरीर में कहा कि निशा चौहान और उनके साथी लंबे समय से उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं और उनके यजमानों को परेशान कर रहे हैं। शनिवार को जब उन्हें एक यजमान ने फोन पर वसूली की शिकायत की तो वह अपने साथियों आंचल, जिया, प्रियंका, सोनम, जूली, और करिना के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां निशा और उनके साथियों ने उनके साथ गाली–गलौच, मारपीट, और जान से मारने की धमकी दी। रजनी ने यह भी बताया कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज हैं। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सीएम धामी ने की केन्द्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात

**•जल–विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता हेतु अनुरोध किया**



देहरादून। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर जल–विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता हेतु अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से ऋषिकेश–हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत और स्वचालित करने का अनुरोध किया। साथ ही, राज्य के कुमाऊं और अपर यमुना क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु रुपये 4000 करोड़ के वाइबिलिटी गैप फंड के लिए आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के दूरदराज और कठिन भू–भाग में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए रुपये 3800 करोड़ के वायबिलिटी गैप फंड की भी अनुरोध किया, जिससे इन क्षेत्रों में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सके और स्थानीय विकास को भी बढ़ावा मिले। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पावर सिस्टम डेवलप फंड के तहत पिटकुल की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की डीपीआर की स्वीकृति का आग्रह करते हुए इन दोनों परियोजनाओं को 100 प्रतिशत अनुदान के साथ मंजूरी देने का भी अनुरोध किया। इन परियोजनाओं की लागत रुपये 1007.82 करोड़ है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री का प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कमजोर आय वर्ग के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण को लेकर वर्तमान दिशानिर्देशों की व्यवहारिक चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत सफलतापूर्वक परियोजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन एकमुश्त केंद्रीय अनुदान की व्यवस्था से परियोजनाओं का कैश फ्लो प्रभावित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि सरकारी भूमि पर लागू चरणबद्ध सहायता प्रणाली (जैसे 40:40:20) को निजी भूमि आधारित परियोजनाओं में भी लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश दिए जाएं ताकि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों को सरलता से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को मोदीपुरम मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार तक विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया। इससे न केवल राज्य में यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि शहरीकरण और समग्र आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर पत्रकारों के लिए मंगलवार को लगेगा स्वास्थ्य सुरक्षा कैम्प

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के क्रम में मंगलवार 17 जून को स्वास्थ्य और सूचना विभाग की ओर से पत्रकारों और उनके परिजनों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए, विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जांच के साथ ही परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए गत दिनों अधिकारियों को पत्रकारों के लिए विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग और सूचना विभाग के संयुक्त प्रयासों से मंगलवार को प्रातः 11 बजे से रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में इस विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में स्वास्थ्य की सभी आवश्यक जांचें उपलब्ध कराई जाएँगी, ताकि पत्रकारों को समुचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार मिल सके। निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कैम्प में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. विवेकानंद सत्यावली, डॉ. अंकुर पांडे, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, ईएनटी डॉ. नितिन शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शांति पांडे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर उपाध्याय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चित्रा जोशी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल जोशी, दंत रोग के डॉ. देवाशीष सवाई, डॉ. योगेश्वरी, सर्जन डॉ. दिनेश चौहान, यूरोलॉजिस्ट डॉ. मनोज विश्वास के साथ ही त्वचा और मानसिक रोग के विशेषज्ञों द्वारा भी पत्रकारों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही परामर्श प्रदान किया जाएगा। हेल्थ कैम्प में लगभग 265 जांचें निशुल्क की जाएंगी।

# 36 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 6 साल बाद सिक्किम के गंगटोक पहुंचा



गंगटोक,। कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 36 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था छह साल बाद सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचा. तीर्थयात्री सिक्किम में नाथू ला दर्रे और तिब्बत के शिगात्से शहर से होते हुए कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तक पहुंचेंगे. एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि 20 जून को तीर्थयात्री भारत–चीन सीमा पार करेंगे. उन्होंने कहा कि समूह, जिसमें विदेश मंत्रालय के दो अधिकारी भी शामिल हैं, रविवार शाम को गंगटोक पहुंचा. पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सी एस राव ने कहा कि तीर्थयात्री पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरे और सड़क मार्ग से गंगटोक पहुंचे. उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों ने रेनॉक में एक बंगले में उनका स्वागत किया. इस साल, यात्रा के लिए 750 भारतीय तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है, जिनमें से 500 नाथू ला मार्ग से 10 समूहों में और 250 उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे से यात्रा करेंगे. अधिकारी ने कहा कि, तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रविवार रात को गंगटोक में रुका और सोमवार को यात्रा पर निकल पड़ा, वे 16 जून को 17 मील में अनुकूलन के लिए रुकेंगे और फिर 20 जून को भारत–चीन सीमा पार करने से पहले सेराथांग जाएंगे.उन्होंने कहा कि, नाथू ला–कैलाश मानसरोवर यात्रा एक सरकार–से–सरकार (जी–टू–जी) आधारित तीर्थयात्रा है, और सिक्किम पर्यटन विकास निगम (एसटीडीसी) पूरी यात्रा के लिए जिम्मेदार होगा. उन्होंने कहा कि एसटीडीसी गंगटोक से कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तक और वापस तीर्थयात्रियों की यात्रा का ख्याल रखेगा.

# उत्तर भारत के कई राज्यों में अंधड़–बारिश का कहर



नईदिल्ली,पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर भारत में मौसम का मिजाज बदल गया है। रविवार को अधिकांश इलाकों में बारिश के साथ चली तेज हवा से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को केरल, तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, असम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 72 घंटों में कई इलाकों में बहुत भारी बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में रविवार को कई इलाकों में बारिश होने से गर्मी के तेवर ढीले पड़ गए हैं, लेकिन वज्रपात, आंधी–बारिश से विभिन्न जिलों में 30 लोगों की जान चली गई। सोमवार सुबह से कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। 55 से ज्यादा जिलों में तेज हवा चलने, बिजली गिरने और झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले 5 दिनों में बारिश के साथ तापमान में 5–7 डिग्री की गिरावट आने का पूर्वानुमान है। मध्य प्रदेश में मौसम के अलग–अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं भीषण गर्मी और उमस परेशान कर रही है तो कहीं जोरदार बारिश और ओलावृष्टि ने दस्तक दी। मौसम विभाग ने प्रदेश में 16 जून के लिए भी बारिश, आंधी और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। बिहार में भी कुछ इलाकों में तेज हवा चलने के साथ बौछार पड़ने के आसार हैं। राजस्थान में भी सोमवार को 11 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है।

### अहमदाबाद विमान हादसे की जांच करने बोइंग विशेषज्ञों की टीम गुजरात पहुंची

अहमदाबाद,गुजरात में उड़ान भरने के ठीक बाद दुर्घटनाग्रस्त होने वाले एयर इंडिया हादसे की जांच करने बोइंग कंपनी के विशेषज्ञ सोमवार को अहमदबाद पहुंच गए हैं। अमेरिकी अधिकारी और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के अधिकारी अहमदाबाद हवाई अड्डे से सीधे दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हुए। टीम कुछ दिनों तक भारत में रहकर बोइंग हादसे से जुड़े मामले की तफ्तीश करेगी। गुरुवार 12 जून को अहमदाबाद–लंदन एआई–171 (बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर) 242 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर की व्यापक जांच जून 2023 में हुई थी। अब दिसंबर 2025 में इसकी जांच होनी थी, लेकिन उससे पहले हादसा हो गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787–8 और 9 विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया है। उधर, बोइंग कंपनी ने पेरिस एयर शो में अपनी उपस्थिति रद्द कर दी है, यह घोषणा पिछले हफ्ते गुरुवार शाम को की गई थी,


### दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 315 में आई तकनीकी खराबी

नई दिल्ली,हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई315 को बीच उड़ान में तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस हांगकांग एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार दिया गया है. सूत्रों के मुताबिक बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर द्वारा संचालित यह फ्लाइट एआई315 हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी. लेकिन तकनीकी दिक्कत आने की वजह से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट एआई315 को हॉन्गकॉन्ग वापस उतारना पड़ा. जानकारी के मुताबिक विमान को सुरक्षित हॉन्गकॉन्ग में उतार लिया गया है. विमान में सभी यात्री सुरक्षित हैं.

वहीं विमान की जांच के तकनीकी टीमें काम कर रही हैं. अब जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि विमान में क्या खराबी आ गई थी. गौर करें तो इससे पहले हैदराबाद जा रहे लुफ्थांसा जा रहे एक विमान को बम की धमकी के बाद लैंडिंग क्लीयरेंस नहीं मिलने पर जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा था. ये फ्लाइट एलएच752 फ्रैंकफर्ट से आ रही थी. उसे सोमवार सुबह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचना था.

# ईरान में फंसे भारतीयों को जमीनी रास्ते से सुरक्षित निकाला जाएगा

## चार देशों से आएंगे भारत



नईदिल्ली, ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। सरकार ने ईरानी विदेश मंत्रालय से अनुरोध किया है कि असुरक्षित ईरानी हवाई क्षेत्र को देखते हुए भारतीयों को जमीनी रास्ते से बाहर निकालने की अनुमति दी जाए। इस पर ईरानी विदेश मंत्रालय ने भारत सरकार समेत अन्य देशों के अनुरोध को मानते हुए जमीनी सीमाओं को खोल दिया है।ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान स्थिति और देश के हवाई अड्डों के बंद होने के साथ–साथ कई राजनीतिक मिशनों ने अपने राजनयिकों और नागरिकों को विदेश स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।इसे देखते हुए, सूचित किया जाता है कि सभी भूमि सीमाएं पार करने के लिए खुली हैं। ईरान में फंसे भारतीयों को उसकी देश की सीमा से लगती अर्मेनिया, अफगानिस्तान, अजरबैजान और तुर्कमेनिस्तान से निकाला जाएगा।

तेहरान ने भारत सरकार से सीमा पार करने वाले भारतीयों के नाम, पासपोर्ट नंबर और वाहन की जानकारी मांगी है। यह उसके जनरल प्रोटोकॉल विभाग को देनी होगी। ईरान ने यात्रा का समय और वांछित सीमा के बारे में भी पूछा है, ताकि राजनयिकों, नागरिकों और छात्रों की निकासी के समय सुरक्षा की व्यवस्था की जा सके। बता दें कि ईरान में 1,500 छात्र समेत 10,000 से अधिक भारतीय फंसे हैं। अधिकतर छात्र जम्मू–कश्मीर के हैं। भारतीय दूतावास ने ईरान में फंसे भारतीयों को न घबराने, सावधानी बरतने और दूतावास के संपर्क में बने रहने को कहा है। दूतावास ने अपने एक्स अकाउंट पर गूगल फॉर्म भी उपलब्ध कराया और भारतीय नागरिकों से इसे भरकर अपना विवरण देने को कहा है। दूतावास ने एक टेलीग्राम लिंक भी उपलब्ध कराया और ईरान में भारतीय नागरिकों से मिशन से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए इसमें शामिल होने के लिए कहा।

# ट्रैफिक बेकाबू, जाम के चलते वाहनों के पहिए थमे रहे



ऋषिकेश। शहर में 'बेलगाम ट्रैफिक को पुलिस काबू नहीं कर पा रही है। अभी तक वीकेंड पर ही सैलानी जाम से जूझ रहे थे, लेकिन अब यह हर दिन की समस्या बन गया है, जिससे न सिर्फ सैलानी परेशान है, बल्कि स्थानीय लोग रोजमर्रा के कामों के लिए गांव से शहर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। सोमवार को सैलानियों की भीड़ उमड़ने से शहर में एक बार फिर जाम की स्थिति बन गई। मुख्य मार्ग से लेकर हरिद्वार बाईपास मार्ग पर सुबह से लेकर दोपहर तक वाहनों के पहिए थमे रहे। किसी तरह से पुलिस ने ट्रैफिक को चलाया भी, तो वाहन रेंगते हुए नजर आए। ऋषिकेश से मुनिकीरेती–तपोवन पहुंचने में सैलानियों के पसीने छूट गए। महज 15 मिनट के सफर में उनके दो घंटे लग गए। । सर्वाधिक परेशानी इंद्रमणि बडोनी चौक, ढालवाला, घाट चौक, दून तिराहा, चंद्रभागा चौराहा, चंद्रेश्वरनगर तिराहा, कैलासगेट, जानकी सेतु और तपोवन में पेश आई। जाम से बचने के लिए कई सैलानियों ने वाहन नगर क्षेत्र के आंतरिक मार्गों पर दौड़ा दिए। सवारी वाहनों के भी ब्रांच रूटों पर पहुंचने से आंतरिक मार्गों पर भी जाम की स्थिति बनी रही है, जिससे स्थानीय लोगों को दो–चार होना पड़ा। बेपटरी ट्रैफिक पर पुलिस ने सड़कों पर क्षमता से अधिक वाहनों के दबाव की दलील दी। वहीं, भीषण गर्मी में सवारी वाहनों में सवार स्थानीय लोग पसीने से तर–बतर नजर आए। श्यामपुर में भी रेलवे फाटक से लेकर पुलिस चौकी तरह वाहन रेंगते हुए दिखे। शहर में शाम करीब पांच बजे बाद ट्रैफिक पुलिस के काबू में आ पाया।

गूगल–मैप भी बना मुसीबतः शहर के मुख्य व बाइपास मार्ग पर जाम से बचने के लिए कई सैलानी गूगल–मैप का सहारा ले रहे हैं। इसके फेर में वह शहर की आंतरिक गलियों में पहुंच जा रहे हैं, जिससे तंग गलियों में भी अब लोगों को वाहनों की भीड़ से फजीहत झेलनी पड़ रही है। व्यस्ततम गलियों में सैलानी व सवारी वाहनों के फर्राटा भरने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। बावजूद, पुलिस इस तरह के वाहनों की एंट्री नगर की गलियों में रोक नहीं पा रही है।

प्लान–ए पर ही दौड़ा ट्रैफिक : पुलिस ने भीड़भाड़ में ट्रैफिक को सुचारु रखने के लिए प्लान–ए, बी और सी बनाए हैं। प्लान में बी और सी को वाहनों का अत्याधिक दबाव होने पर रायवाला व रानीपोखरी से डायवर्जन के लिए यूज किया जाता है, मगर प्लान–ए रायवाला से श्यामपुर और फिर बाइपास मार्ग से होते हुए सीधे ढालवाला से मुनिकीरेती के लिए है। सोमवार को पुलिस ने इसी प्लान का उपयोग किया है, जिससे इंद्रमणि बडोनी चौक पर वाहनों का दबाव बढ़ा दिखा।

### अमरोहा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट, 5 महिलाओं समेत 6 की मौत

अमरोहा,उत्तर प्रदेश के अमरोहा में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में 5 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक मजदूर बताए जा रहे हैं। फैक्ट्री अतरासी गांव के जंगलों में चल रही थी। हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। कुछ लोग मलबे में दबे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर बाद अचानक हुए धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई थी और फैक्ट्री का मलबा 300 मीटर पड़ा मिला है। प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री के पास किसी प्रकार का कोई लाइसेंस नहीं था और वह बिना सुरक्षा उपायों के चल रही थी। पुलिस ने फैक्ट्री चलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# जाम से निपटने को नितिन गडकरी लेंगे उच्च स्तरीय बैठक



देहरादून।ऋषिकेश–बदरीनाथ राजमार्ग पर मुनिकीरेती, तपोवन में संकरी सड़कों से अक्सर लग रहे जाम से निपटने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। गड़करी ने सोमवार को गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी से भेंट के दौरान यह आश्वासन दिया।

गढ़वाल सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सें भेंट कर गढ़वाल क्षेत्र में बाटल नेक (संकीर्ण सड़क) और भूस्खलन जोन के कारण यात्रियों, श्रद्धालुओं और आमजन को हो रही कठिनाइयों के निराकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाटल नेक की समस्या बहुत बड़ी है। खासकर चारधाम की यात्रा के समय इस क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक होने के कारण अक्सर जाम लगता है। इससे स्थानीय व्यक्तियों को विशेष तौर पर बारिश के मौसम में आवागमन में परेशानियों से दो–चार होना पड़ता है। सांसद अनिल बलूनी ने बताया कि इन सभी समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वस्त किया कि अगले पखवाड़े में ही उनकी उपस्थिति में गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में बाटल नेक, स्लाइड जोन और सड़कों की समस्या को लेकर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। बैठक में इन सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में त्वरित कदम उठाए जाएंगे।

# युवा सपनों की तासीर बदल रही देवभूमि उद्यमिता योजना

**– 26274 छात्र–छात्राओं ने उद्यमिता योजना में किया पंजीकरण**
**– 965 उद्यम स्थापित, ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बिक रहे उत्पाद**

देहरादून। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में देवभूमि उद्यमिता योजना युवा सपनों की तासीर बदल रही है। राज्य सरकार की पहल पर शुरू की गई इस योजना के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है। जिससे छात्र–छात्राओं की व्यावसायिक सोच विकसित हो रही है। योजना के तहत अबतक 26247 छात्र–छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है जबकि प्रशिक्षण के उपरांत 965 छात्रों ने अपने उद्यम स्थापित कर मुनाफा भी कमाना शुरू कर दिया है। नई शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुये राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में देवभूमि उद्यमिता योजना शुरू की। जिसका मकसद राजकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को स्टार्टअप और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाना था। योजना के तहत 124 उच्च शिक्षण संस्थानों में देवभूमि उद्यमिता केन्द्र स्थापित किये गये, जिनके माध्यम से छात्र–छात्राओं में व्यावसायिक सोच विकसित कर उनमें बिजनेस आइडिया और बाजार से जुड़ने से संबंधित जरूरी कौशल दिया जा रहा है। इसके अलावा युवाओं को प्रशिक्षण के



साथ–साथ व्यवसाय शुरू करने के लिये सीड फंडिंग भी की जा रही है। पिछले दो वर्षों में योजना के तहत अबतक 26247 छात्र–छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है। इनमें से 14260 ने दो दिवसीय बूट कम्पों में भाग लिया, जबकि 8721 युवाओं ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपनी किस्मत खुद लिखने की चाह रखने वाले 965 छात्रों ने अपने उद्यम स्थापित किये। जिनमें से 303 उद्यम खूब मुनाफा कमा रहे हैं। इतना ही नहीं इन उद्यमों के 25 ऐसे उत्पाद हैं जो अमेजन, फ्लिपकार्ट और मीशो जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म पर खूब बिक रहे हैं। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण वाले 60 उद्यमों के एफएसएसएआई लाइसेंस बन गये हैं और 30 से अधिक लाइसेंस बनने की प्रक्रिया में है। जबकि 8 उद्यमों ने ट्रेडमार्क लाइसेंसे के लिये अवेदन किया है। प्रदेश में देवभूमि उद्यमिता योजना युवा सपनों की तासीर बदलने में कामयाब हो रही है, और छात्र–छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और रोजगार सृजन की काबलियत पैदा कर रही है।

**नये बिजनेस आइडिया को सीड फंडिंग**

देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 20 छात्र–छात्राओं को उनके बिजनेस आइडिया के लिये सीड फंडिंग की व्यवस्था है। जिसमें 20 छात्रों को उनके नवाचार आधारित स्अार्टअप को 75 हजार की धनराशि सीट फंड के तहत प्रदान की जायेगी। योजना के तहत 1132 से अधिक छात्रों ने अपने व्यवसायों का उद्यम आधार बना लिया है।

**बूट कैम्प और ईडीपी हैं बिजनेस के आधार**

योजना के तहत प्रत्येक महाविद्यालयों में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें छात्र–छात्राओं को व्यावसायिक सोच, उद्यम प्रबंधन, विपणन और वित्तीय नियोजन की बारीकियां सिखाई जा रही है। इसके अलावा छात्रों में स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रति जागरूक पैदा करने के लिये दो दिवसीय बूटकैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। जहां वह अपने आइडिया विशेषज्ञों के सामने रखते और इनमें से श्रेष्ठ व्यावसायिक विचारों को सीड फंड के लिये चयनित किया जाता है।

**हर्बल हर्ट की कहानी**

चौखुटिया (अल्मोड़ा) के दीपक सिंह नेगी के बुरांश, माल्टा व अन्य स्थानीय फलों से रेडी–टू–ड्रिंक जूस बनाने का आइडिया को योजना के तहत 75 हजार की सीड फंडिंग प्रदान की गई, साथ ही पैकेजिंग, ब्रांडिंग व मेंटरिंग का भी समर्थन दिया गया।

# सम्पादकीय

## निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी

यूक्रेन और रूस के बीच तुर्किये में शांति वार्ता का दूसरा दौर चल रहा है। इस खबर से दुनिया भर में राहत की सांस ली जानी चाहिए थी, लेकिन कोई इसके सार्थक परिणामों की उम्मीद नहीं कर रहा। दोनों देशों में अभी तक मृत सैनिकों के शवों और घायल सैनिकों की अदला–बदली पर ही सहमति बनी है, जबकि युद्ध तीन साल से बदस्तूर जारी है। दोनों देशों में हो रही वार्ता की तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान अध्यक्षता कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से पहले ही संकेत मिल चुके हैं कि युद्ध को रोकने की दिशा में फिलहाल कोई ठोस प्रगति नहीं होने जा रही है। जंग का हाल ये है कि रोज इसकी गंभीरता बढ़ती जा रही है।

अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई चल रही है और दोनों पक्ष एक–दूसरे के क्षेत्र में भीतर तक हमले कर रहे हैं। पहले इस युद्ध में यूक्रेन को कमजोर समझा जा रहा था और पूरी दुनिया मान बैठी थी कि यूक्रेन जल्द ही हथियार डाल देगा और रूसी राष्ट्रपति पुतिन अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे, लेकिन यूक्रेनी सेना इस युद्ध को तीसरे साल तक खींचने में कामयाब रही है। रविवार को तो यूक्रेन ने रूस को एसा सबक सिखाया जिसे पुतिन और रूसी सेना कभी नहीं भूल पाएगी। यूक्रेनी सेना ने ड्रोन हमले करके रूस के भीतर कई अहम एयर स्ट्रिप को बरबाद कर 40 से अधिक रूसी विमानों की कब्रगाह बना डाली। खिसियाया रूसी रक्षा मंत्रालय मार गिराए गए यूक्रेनी ड्रोन की संख्या बताकर ही खीझ मिटा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमले पहले की तरह जारी हैं। युद्ध अब अत्याधुनिक पैंतरेबाजी तक पहुंच गया है। इसमें अब सैनिकों से ज्यादा ड्रोन की भूमिका हो गई है। युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र और बड़े देशों की भूमिका निंदनीय बनी हुई है। ये सभी इसे पुतिन का निजी मामला समझकर सुविधाजनक दूरी बनाए हुए हैं। यूक्रेन को सैन्य सामग्री देकर ही नाटो भी संतुष्ट है। अमेरिका रूस से तेल, गैस और यूरेनियम खरीदन वालों पर 500 फीसद शुल्क लगाने के विधेयक पर विचार की तैयारी कर रहा है। भारत और चीन इसका सीधा शिकार बनेंगे जो रूस से भारी मात्रा में ये सामान खरीद रहे हैं। इस युद्ध से पुतिन भी संकट में हैं, क्योंकि उन्होंने ऐसे युद्ध में गर्दन फंसा ली है जहां से निकलना संभव नहीं हो रहा। यूक्रेनी शहरों की तबाही और लाखों लोगों के विस्थापन के साथ दुनिया की भी सांस हलक में अटकी है। इस्तांबुल वार्ता का किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी है।

# बैंकिंग प्रणाली को ग्राहक–केंद्रित बनाने की जरूरत

**विनीत नारायण**

भारतीय बैंकिंग प्रणाली, जो देश की आर्थिक रीढ़ मानी जाती है, समय–समय पर ग्राहकों के साथ अनुचित व्यवहार के लिए आलोचना का विषय बनती रही है।

हाल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नये दिशा–निर्देशों का ऐलान किया गया जिनसे देश भर के बैंकों में नये सेवा शुल्कों और लेन देन की सीमाओं को लेकर असमंजस की स्थिति है। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन के पूर्व महासचिव थॉमस फ्रैंको ने हाल में बैंकों द्वारा ग्राहकों से अनुचित शुल्क वसूलने और आरबीआई की नीतियों के प्रभावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

फ्रैंको ने बैंकों की उन प्रथाओं पर प्रकाश डाला है, जिनके माध्यम से ग्राहक अनजाने में अतिरिक्त शुल्क और चार्जेस का बोझ उठाते हैं। उनके अनुसार, बैंक न केवल अपनी सेवाओं के लिए मनमाने ढंग से शुल्क बढ़ाते हैं, बल्कि ग्राहकों को अनुचित नियमों और शर्तों के जाल में भी फंसाते हैं। उदाहरण के लिए, एटीएम लेन देन पर लगने वाले शुल्क, न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता और तीसरे पक्ष के उत्पादों (जैसे बीमा) की गलत बिक्री (मिस–सेलिंग) आम ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। आरबीआई के दिशा–निर्देशों के बावजूद बैंक ग्राहकों के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने में विफल रहे हैं। वे बताते हैं कि बैंकों द्वारा लगाए गए कई शुल्क, जैसे एटीएम से नकदी निकासी पर चार्ज या न्यूनतम बैलेंस न रखने की सजा, ग्राहकों के लिए अनुचित और बोझिल हैं। विशेष रूप से छोटे बचत खाताधारकों और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है।

आरबीआई ने हाल में एटीएम संचालन, लेन देन सीमा और शुल्क से संबंधित नये दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा–निर्देशों के अनुसार, ग्राहकों को अपने बैंक के एटीएम पर सीमित मुफ्त लेन देन की सुविधा दी जाती है, और अन्य बैंकों के एटीएम पर भी मुफ्त लेन देन की संख्या निर्धारित की गई है। इन सीमाओं को पार करने पर ग्राहकों से शुल्क वसूला जाता है। फ्रैंको का तर्क है कि ये दिशा–निर्देश बैंकों को ग्राहकों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने की छूट देते हैं, जिससे आम आदमी पर बोझ बढ़ता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई ग्राहक अपने बैंक के एटीएम से पांच मुफ्त लेन देन के बाद अतिरिक्त निकासी करता है, तो उसे प्रति लेन देन 20 रुपये तक का शुल्क देना पड़ सकता है। इसी तरह, अन्य बैंकों के एटीएम पर तीन मुफ्त लेन देन के बाद शुल्क लागू होता है।

फ्रैंको के अनुसार, यह व्यवस्था ग्राहकों को उनकी ही बचत का उपयोग करने के लिए दंडित करती है। आरबीआई ने डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी दिशा–निर्देश जारी किए हैं, जैसे मल्टी–फैक्टर ऑथेंटिकेशन और अनधिकृत लेन देन की स्थिति में ग्राहकों की शून्य देयता। हालांकि, फ्रैंको का कहना है कि इन नियमों का कार्यान्वयन अपर्याप्त है। बैंकों द्वारा ग्राहकों को सूचित करने और शिकायत निवारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी बनी रहती है। थॉमस फ्रैंको ने बैंकों द्वारा तीसरे पक्ष के उत्पादों, विशेष रूप से बीमा और म्यूचुअल फंड, की मिस–सेलिंग पर विशेष ध्यान दिया है। उनके अनुसार, बैंक कर्मचारी अक्सर ग्राहकों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, को भ्रामक जानकारी देकर ऐसे उत्पाद बेचते हैं, जो उनकी वित्तीय जरूरतों के लिए उपयुक्त नहीं होते। उदाहरण के लिए, सिंगल प्रीमियम बीमा पॉलिसियों की बिक्री में ग्राहकों को जोखिमों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग अपनी बचत खो देते हैं।




अक्सर देखा गया है कि बैंकों द्वारा ग्राहकों को अनुचित शर्तों वाले ऋण समझौतों में फंसाया जाता है। उदाहरण के लिए, फ्लोटिंग रेट होम लोन लेने वाले ग्राहकों को ब्याज दरों में कमी का लाभ स्वचालित रूप से नहीं दिया जाता और इसके लिए अतिरिक्त शुल्क वसूला जाता है। यह न केवल अनुचित है, बल्कि आरबीआई के ग्राहक अधिकार चार्टर का भी उल्लंघन है, जिसमें निष्पक्ष व्यवहार और पारदर्शिता की बात कही गई है। आरबीआई ने 2014 में ग्राहक अधिकार चार्टर जारी किया था, जिसमें पांच मूलभूत अधिकारों की बात की गई थी– निष्पक्ष व्यवहार, पारदर्शिता, उपयुक्तता, गोपनीयता और शिकायत निवारण। हालांकि, फ्रैंको और अन्य उपभोक्ता कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरबीआई ने इन अधिकारों को लागू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उदाहरण के लिए, शिकायत निवारण के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है, और बैंकिंग लोकपाल अक्सर बैंकों के पक्ष में ही फैसले सुनाता है।

आरबीआई को बैंकों पर सख्ती बरतनी चाहिए और अनुचित शुल्क वसूली, मिस–सेलिंग और एकतरफा समझौतों पर रोक लगानी चाहिए। उनके अनुसार, आरबीआई की निष्क्रियता बैंकों को ग्राहकों का शोषण करने की खुली छूट देती है। बैंकों की इन प्रथाओं का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम वर्ग, छोटे बचतकर्ताओं और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों पर पड़ता है। न्यूनतम बैलेंस न रख पाने वाले खाताधारकों से भारी जुर्माना वसूला जाता है, जो उनकी बचत को और कम करता है। डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर धोखाधड़ी के मामले भी बढ़े हैं, और ग्राहकों को नुकसान की भरपाई के लिए लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

ऐसे में कुछ समाधान पर आरबीआई को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। टेलीकॉम सेक्टर की तरह बैंक खातों की पोर्टेबिलिटी को आसान करना चाहिए ताकि ग्राहक आसानी से बैंक बदल सकें। सभी शुल्क और चार्जेस की जानकारी स्पष्ट और सरल भाषा में देनी चाहिए। तीसरे पक्ष के उत्पादों की बिक्री के लिए सख्त नियम और ग्राहक की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए। आरबीआई को शिकायत निवारण के लिए समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए और बैंकों पर दंड लगाना चाहिए। छोटे लेन देन और ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम शुल्क को खत्म करना चाहिए। बैंकों द्वारा ग्राहकों से अनुचित शुल्क वसूलने और मिस–सेलिंग की प्रथाएं आम आदमी के लिए वित्तीय बोझ बढ़ा रही हैं। फ्रैंको का यह संदेश–कि 'ग्राहकों का सशक्तिकरण धन संरक्षण का सबसे सुरक्षित तरीका है,इ हमें सोचने पर मजबूर करता है कि बैंकिंग प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और ग्राहक–केंद्रित बनाने की जरूरत है।

# डॉनाल्ड ट्रंप अमेरिका को विश्व के सामने गैर जिम्मेदार देश बना रहे हैं

**अजय दीक्षित**

जब से डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं तब से लगातार कभी टैरिफ बार को लेकर,तो कभी यूक्रेन रूस युद्ध को लेकर,अब ताज़ा हालत लॉस एंजिल्स और फ्लोरिडा में सेना तैनात कर, विवादों में फंस रहे हैं। इससे पूरे संसार के सामने अमेरिका की किरकिरी हो रही है।वे इतने अस्थिर दिमाग के है कि उनके समर्थक देशों में ट्रंप की कार्यप्रणाली को लेकर चिंता है। नाटो देश भी सकते में हैं। यूरोपीय देशों में व्यापार और सुरक्षा को भ्रम बना हुआ है। नवंबर 2024 के चुनाव से पहले उनके सेकंड मेन इलेन मस्क ने भी उनसे पिंड छुड़ा लिया है। ट्रंप के फैसले ऐसे है कि व्हाइट हाउस में यूएस फाइनेंस सेकेट्री स्टीव बेसेंट और एलन मस्क में मारपीट हो गई है। यदिप डॉनल्ड ट्रंप का 2016 से 2020 तक का पहला कार्य काल इतना खौफनाक नहीं था।2024 में चुनाव से पहले ट्रंप ने कहा था कि अगर वे पुनः सत्ता में आते हैं तो रूस यूक्रेन युद्ध समाप्त होगा और इसराइल हमास युद्ध भी बंद होगा।

लेकिन जनवरी 2025 में कार्यभार संभालने के बाद अमेरिका को उन्होंने व्यापारी बना दिया और चाइना,भारत,पर अनाप शनाप टैक्स आयात पर लगा दिए और उस टैक्स टैरिफ को जुआ खेलने की तरह बढ़ाने लगे फिर समझौता कर लिया। यूक्रेन रूस युद्ध में बातचीत की परन्तु न तो जलेशकी ने मानी न पुतिन ने अंत में यह कहकर पीछे छोड़ दिया कि पुतिन क्रेजी हैं। जलेशकी को व्हाइट हाउस में बुलाकर अमर्यादित भाषा बोली और बिना खाना खिलाए चलता कर दिया।

यूक्रेन की मदद के अबज में खनिज संपदा दोहन का अधिकार हासिल किया। यूक्रेन रूस युद्ध से हाथ खींचने से यूरोपीय देश जर्मनी फ्रांस इटली हंगरी पोलैंड चेकोस्लोवाकिया ब्रिटेन नाराज हो गए और उन्होंने यूक्रेन को युद्ध में हथियार देना जारी रखा है।यहां तक कि नाटो देश का संगठन भी अपने अस्तित्व को समझने में लगा है।

अमेरिका अप्रवासियों का देश है यहां पर करोड़ लोगों का काम की आवश्यकता के लिए आते हैं। लॉस एंजिल्स संकट भी इसी से जुड़ा है। अप्रवासियों के लिए नए नए नियम बनाए जा रहे हैं जबकि कई लाख अप्रवासियों की तीसरी पीढ़ी कार्य कर रही है। हार कर इन लागों ने फेडरल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है तो ट्रंप ने सेना तैनात कर दी है। अमेरिका विश्व की 31 त्रियलन डॉलर की इकोनॉमी है इसमें अप्रवासियों का बहुत योगदान है।

अमेरिका में बहुत बड़ा बाजार है और सबसे बड़ा खरीददार भी है जिसमें फार्मासेटिकल, ऑटोमोबाइल, पेट्रोलियम पदार्थों, कपड़ों,का बहुत से अन्य भी शामिल हैं। अमेरिका पूरे यूरोपीय देशों को गोला बारूद, स्नाइपर्स, लड़ाकू विमानों, यात्री विमान, हेलिकाप्टर, रेल सड़क परिवहन निर्माण कार्यक्रम भी करता है। यूएस प्रेसिडेंट की पूर्व में एक गरिमा थी उससे ऊलजुलूल व्यानबाजी की उम्मीद नहीं करते थे लेकिन डॉनल्ड ट्रंप ऐसा ही कर रहे हैं और वे ग्यारह बार कह चुके भारत पाकिस्तान युद्ध में सीज फायर उन्होंने कराया है। कभी कभी ट्रंप उन घटनाओं को हल्के में लेते हैं और बयान जारी कर देते हैं जैसे कश्मीर का मामला ।भारत को कहना पड़ा कि सीज फायर में कश्मीर कोई बात नहीं हुई न होगी ।

लॉस एंजिल्स में फेडरल सरकार और कैलिफोर्निया की सरकार आमने सामने है।ट्रंप ने फेडरल गार्ड शहर में तैनात कर दिए हैं जबकि आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी कैलिफोर्निया राज्य की है। डॉनल्ड ट्रंप पर अश्वेतों को बाधित करने का आरोप भी है। डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका में राष्ट्रवाद के द्योतक हैं।जबकि अमेरिका ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्राजील, भारत, पाकिस्तान, सउद्दी अरब, कतर यमन दोहा कुवैत रूस इराक ईरान लीबिया सीरिया लेबनान के लाखों लोगों रहते हैं। कमला हैरिस, भी विदेश मूल की है। यूएस प्रेसिडेंट के रूप में अब्राहिम लिंकन, जॉर्ज वाशिंगटन, रोनाल्ड रेगन, बराक ओबामा, रूजवेल्ट, सरीखे लोग इस पद पर रहे हैं।

## ममता के राह में कांटे

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। भारतीय जनता पार्टी ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता से सीधे ममता बनर्जी को निशाने पर लेकर जबरदस्त अभियान की रूपरेखा खींच दी है।

इससे संकेत मिलता है कि चुनाव तक आरोपों की धार पिछले चुनाव से भी तीखी हो जाने वाली है। ममता पर राज्य को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों और हिन्दुओं पर अत्याचार और दुराचार का केंद्र बना देने का आरोप लगाकर गृह मंत्री अमित शाह ने विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया।

उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार, ङ्क्षहसा और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनके अनुसार दशकों तक हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में ममता दीदी ने आकर इस भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अपराध और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बना दिया।

शाह ने कार्यकर्ताओं को जोश दिलाते हुए याद दिलाया कि यह वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की भूमि है। ज्ञान, धर्म, स्वतंत्रता संग्राम समेत हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में 'मां, माटी, मानुषझ् का नारा देकर सत्ता में आने वाली ममता बनर्जी ने बंग भूमि को अपराध, बम धमाकों और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान और तृणमूल कांग्रेस के चुनाव जीतने के बाद भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। बंगाल में ङ्क्षहसा आज भी जारी है। दीदी आपका समय पूरा हो गया है और 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हिम्मत हो तो बिना ङ्क्षहसा के चुनाव कराकर देखिए, आपकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूरझ् का विरोध कर महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और राज्य की महिलाओं से चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सिंदूर की कीमत समझा देने की अपील की। गृहमंत्री का संबोधन पूरी तरह चुनावी था। छन्होंने हर उस बिंदु को छुआ को मतदाता को रास आता है। उनके संबोधन से चुनावी लड़ाई के तीखेपन का संकेत मिलता है। हालांकि वह जानते हैं मुकाबला कितना कड़ा है। राज्य में पिछले चुनावों का भाजपा का अनुभव सुखद नहीं रहा है। 2011 से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठी ममता भाजपा के आरोपों की काट करने के लिए क्या रणनीति अपनाएंगी यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इस बार उनकी भी राह में कांटे जरूर बिछे हैं।

# प्रभास का रुद्र रूप, अक्षय कुमार की शिव महिमा और विष्णु मंचू की भक्ति



फिल्म 'कन्नप्पा इस महीने 27 तारीख को रिलीज होने जा रही है और इसका ट्रेलर हाल ही में दर्शकों के सामने आया है. यह फिल्म अभिनेता विष्णु मंचू का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे उनके पिता मोहन बाबू ने प्रोड्यूस किया है. इस ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और शरत कुमार जैसे बड़े कलाकार भी नजर आने वाले हैं. फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है. फिल्म के ट्रेलर को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं और इस पर तरह–तरह के रिएक्शन दे रहे हैं. ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक कुंए में एक शिवलिंग (वायु लिंग) है, जिसे कई लोग चुराने की कोशिश करते हैं. लेकिन 'तिन्नाडु यानी विष्णु मंचू, इस वायु लिंग की रक्षा करता है. वह एक खास कड़ा पहनता है, जिससे लिंग को उसके पास से कोई नहीं ले जा सकता. तिन्नाडु उन लोगों को मार देता है जो लिंग चुराने आते हैं और वह वहां के लोगों की भी रक्षा करता है. हालांकि, शुरुआत में तिन्नाडु भगवान में विश्वास नहीं करता. उसके लिए शिवलिंग सिर्फ एक पत्थर है. वो बचपन से यही मानता आया है.

## बॉक्स ऑफिस से लेकर टीवी तक छाया पुष्पा 2: द रूल, अल्लू अर्जुन का दबदबा बरकरार!

अल्लू अर्जुन वाकई में आज की तारीख में सबसे बड़े सुपरस्टार हैं. नेशनल अवॉर्ड जीतने से लेकर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तक, उन्होंने हर मोर्चे पर अपनी बादशाहत साबित कर दी है. पुष्पा 2: द रूल की ज़बरदस्त कामयाबी से उन्होंने सिनेमाघरों में तूफान खड़ा कर दिया, और अब टीवी पर भी उनका जलवा बरकरार है , जहाँ उन्होंने 5.1 की शानदार टीवीआर रेटिंग के साथ टॉप पोजिशन हासिल की है. बड़े पर्दे पर रिकॉर्ड तोड़ ब्लॉकबस्टर. छोटे पर्दे पर भी रिकॉर्डतोड़ धमाका,पुष्पा2दरूल (हिंदी) ने मचाया रिकॉर्डतोड़ धमाल झ 5.1 टीवीआर के साथ 5.4 करोड़ लोगों तक पहुंच! आइकॉनिक रूल अब भी जारी है. अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2: द रूल ने एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया है, और इस बार मुकाबले में सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर को भी पीछे छोड़ दिया है. 5.1 की जबरदस्त टीवीआर रेटिंग के साथ फिल्म ने देश की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली टी20 लीग को भी मात दे दी, जिसकी एवरेज रेटिंग 3.9 रही. यह वाकई फिल्म की जर्नी का बेहद खास मुकाम है. यह अल्लू अर्जुन के जादू की ताकत है, जो हर प्लेटफॉर्म पर गूंज रहा है.

# वेस्टइंडीज ने तीसरे टी20आई में आयरलैंड को 62 रनों से हराया, सीरीज पर 1—0 से जमाया कब्जा

आयरलैंड,। वेस्टइंडीज ने रविवार को ब्रेडी क्रिकेट क्लब में खेले गए तीसरे और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आयरलैंड को 62 रनों से हराया. इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने सीरीज 1–0 से अपने नाम कर ली, क्योंकि सीरीज के पहले दो मैच बारिश की भेंट चढ़ गए थे. एविन लुईस ने अपने धमाकेदार अर्धशतक की बदौलत कैरेबियाई टीम को जीत दिलाई.



सीरीज के अंतिम टी20 मैच में टॉस जीतकर आयरलैंड ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया. वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज एविन लुईस और शाई होप (51) ने पहले विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी की. कीसी कार्टी ने भी 22 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. हालांकि, लुईस की 44 गेंदों पर खेली गई 91 रनों की पारी वेस्टइंडीज के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई, जिसने (256/5) का स्कोर बनाया. वहीं, आयरलैंड की और से मैथ्यू हम्फ्रीज ने दो विकेट लिए, जबकि मार्क एडेयर, बैरी मैकार्थी और बेन व्हाइट को 1–1 सफलता हाथ लगी. 257 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने पारी की शुरुआत में ही पॉल स्टर्लिंग का विकेट गंवा दिया. विकेट गिरने के बाद रॉस एडेयर (48) और हैरी टेक्टर (38) की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी की. हालांकि, इसके बाद टीम की लय बिगड़ गई और उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए. मार्क एडेयर ने 14 गेंदों पर नाबाद 31 रनों की पारी खेलकर कुछ संघर्ष करने की कोशिश की. हालांकि, आयरलैंड स्कोरबोर्ड पर (194/7) का स्कोर ही बना सका और 62 रनों से मैच हार गया. वेस्टइंडीज के लिए अकील होसेन ने 3 विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर ने 2 विकेट झटके.

# आयुष्मान खुराना ने अब भूषण कुमार से मिलाया हाथ

अभिनेता आयुष्मान खुराना साल 2023 में फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आए थे। पिछले कुछ समय से वह हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिससे वह पर्दे पर वापसी करने वाले हैं। आए दिन अभिनेता का नाम एक नई फिल्म से जुड़ता है। पिछले दिनों खबर आई थी कि वह सूरज बड़जात्या की रोमांटिक फिल्म से जुड़ गए हैं और अब खबर है कि भूषण कुमार की अगली कॉमेडी फिल्म उनके हाथ लग गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान ने एक कॉमेडी फिल्म साइन कर ली है। इसका नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। भूषण कुमार निर्माता जूनो चोपड़ा के साथ मिलकर इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभालने वाले हैं। दोनों ने इससे



पहले फिल्म पति पत्नी और वो में साथ काम किया था। अब भूषण और जूनो फिर साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह एक फैमिली कॉमेडी होगी, जिसका लुत्फ आप अपने परिवार के साथ बैठकर उठा सकेंगे। फिल्म में आयुष्मान के नाम पर तो मोहर लग चुकी है, लेकिन बाकी कलाकारों का नाम फाइनल नहीं हुआ है।

## यू मुंबा ने जीता अपना पहला खिताब

अहमदाबाद,। यू मुंबा टीटी ने रविवार को यूटीटी सीजन 6 के ग्रैंड फाइनल में जयपुर पैट्रियट्स पर 8—4 से जीत के साथ अपना पहला अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) खिताब जीतकर इतिहास रच दिया. यह जीत टीम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली. लिलियन बार्डेट और बर्नडेट स्जोक्स की जीत ने यू मुंबा को शुरुआती बढ़त दिलाई. इसके बाद स्जोक्स और आकाश पाल ने मिक्स्ड डबल्स में 3—0 से जीत दर्ज करके उन्हें जीत के करीब पहुंचा दिया. युवा स्टार अभिनंद पीबी ने चौथे मैच में शानदार जीत के साथ खिताब अपने नाम किया. हालांकि, यशस्विनी घोरपड़े फाइनल में नहीं खेल पाईं. फाइनल में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के लिए, आकाश और स्जोक्स को क्रमशः भारतीय और विदेशी खिलाड़ी ऑफ द फाइनल चुना गया, जबकि जीत चंद्रा ने शॉट ऑफ द फाइनल का खिताब जीता. डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के कप्तान हरमीत देसाई और यू मुंबा टीटी की कप्तान बर्नडेट स्जोक्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए क्रमशः यूटीटी सीजन 6 का पुरुष और महिला एमवीपी चुना गया, जबकि एड्रियाना डियाज को कोलकाता थंडरब्लेड्स के गोवा के खिलाफ लीग चरण के मुकाबले में कृत्विका सिन्हा रॉय के खिलाफ शानदार जीत के लिए शॉट ऑफ द लीग का खिताब मिला.

# पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस ने 12वीं बार तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड, पहली बार घर पर बनाया कीर्तिमान

स्वीडन,16 जून। मोंडो डुप्लांटिस ने अपने करियर में 12वीं बार पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा. वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने और फिर उसे तोड़ने में माहिर स्वीडिश एथलीट ने 12वीं बार ऐसा किया. यह उपलब्धि रविवार को स्टॉकहोम में वांडा डायमंड लीग मीटिंग में हासिल की गई. 25 वर्षीय खिलाड़ी ने 1912 ओलंपिक स्टेडियम में 6.28 मीटर की छलांग लगाई और फरवरी में क्लेरमोंट–फेरैंड में बनाए गए 6.27 मीटर के अपने पिछले वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया.

ऑस्ट्रेलिया के कुर्टिस मार्शल डुप्लांटिस को कड़ी टक्कर दे रहे थे, लेकिन वे 5.90 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने में सफल रहे, लेकिन छह मीटर के निशान को पार करने के लिए तीन असफल प्रयास किए. इससे डुप्लांटिस एकमात्र दावेदार रह गए और उन्होंने अपने अंतिम प्रयास में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया. स्वीडिश पोल वॉल्टर इस उपलब्धि के बाद खुशी से उछलते हुए देखे गए. उन्होंने उपलब्धि के बाद स्टेडियम में अपनी पहली छलांग को याद किया. अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के बाद डुप्लांटिस ने कहा, 'मैं अभी पूरी तरह से संतुष्ट महसूस कर रहा हूं. यहां मेरे बहुत सारे परिवार हैं. जब मैं 11 साल का था, तब मैंने पहली बार इस स्टेडियम में छलांग लगाई थी, तब बारिश और ठंड थी, और मैं चार मीटर से भी कम की छलांग लगा पाया था– यह मेरी उम्र के हिसाब से काफी अधिक थी. मैं अभी इसका आनंद लेने जा रहा हूं, इस पल का आनंद लेने जा रहा हूं'.

डुप्लांटिस ने यह भी कहा कि उनकी नजर 6.30 मीटर के निशान को पार करने पर है. उन्होंने कहा, 'यहां विश्व रिकॉर्ड धारकों के नाम उकेरे जाते हैं. स्टेडियम में मेरा नाम उकेरना वाकई खास होगा. मेरी राय में यह सबसे खूबसूरत स्टेडियम है. मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की सबसे बेहतरीन यादों में से एक होगी. तकनीकी रूप से 6.30 मीटर और मेरे बीच बहुत अंतर नहीं है.

## एक नजर

### विश्व ओलंपिक दिवस पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : खेल निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून के सौजन्य से और जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय अगस्त्यमुनि द्वारा विश्व ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 से 23 जून 2025 तक अगस्त्यमुनि स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत अंडर-17 बालक वर्ग के लिए बैडमिंटन, कबड्डी और वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता 21 जून को इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि में प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। कबड्डी प्रतियोगिता 22 जून को और वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 जून को प्रातः 10 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि में आयोजित की जाएगी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र की फोटो प्रति लाना अनिवार्य होगा। बिना आयु प्रमाण पत्र के किसी भी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जो भी खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, वे 20 जून 2025 की सांय 5 बजे तक अपनी प्रविष्टि जिला खेल कार्यालय अगस्त्यमुनि में दर्ज करा सकते हैं।

### मसूरी में कार के बोनट पर चढ़कर हुडदंग मचा रहे तीन दबोचे

देहरादून। मसूरी की सड़कों पर कार की बोनट पर चढ़कर हुड़दंग मचाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इनके दो वाहन सीज किए गए हैं। आरोपियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर पुलिस हरकत में आई। वीडियो की पड़ताल की गई तो यह मसूरी का निकला। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश की। मसूरी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुंवर ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। साथ ही वाहनों के नंबर ट्रेस करने के कार मालिकों से संपर्क कर बोनट पर चढ़कर हुड़दंग करने वाले राहुल कुमार पुत्र यशपाल सिंह निवासी खदरगढ़ जिला शामली, उत्तर प्रदेश, वासु पुत्र अशोक कुमार निवासी यमुना माजरा, यूपी और चंद्र भाटी पुत्र करणपाल सिंह भाटी निवासी साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी को मसूरी थाने में बुलाकर हिरासत में ले लिया।

### आईआईएमसी के एलुमनी ने भविष्य की योजनाओं पर की चर्चा

देहरादून। आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन (इमका) के उत्तराखंड चैप्टर की वार्षिक मीट कनेक्शन का देहरादून में आयोजन किया गया। इसमें मीडिया, जनसंचार और सार्वजनिक क्षेत्रों में कार्यरत आईआईएमसी के एलुमनी के बीच संवाद और सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कनेक्शन मीट में उत्तराखंड के अलग–अलग जिलों से आईआईएमसी के अलग–अलग बैचों के पूर्व छात्र–छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने उत्तराखंड चैप्टर की भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। साथ ही भविष्य में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं और सामुदायिक कार्यक्रमों की रूप रेखा भी कनेक्शन मीटर में रखी। उत्तराखंड चैप्टर के अध्यक्ष भूपेश पंत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मैग्सेसे पुरस्कार विजेता अंशु गुप्ता, गूंज की सह–संस्थापक मीनाक्षी गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनिता हरित, इजाज खान समेत अन्य शामिल हुए।

# चेतावनी का नहीं दिख रहा असर, सड़कों पर गंदगी

### नगर आयुक्त ने आमजन व व्यापारियों से की थी व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए नगर निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। कुछ दिन पूर्व नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने व्यापारियों की बैठक लेते हुए उनसे सड़क अथवा सड़क किनारे नालियों में कूड़ा न डालने का भी अनुरोध किया। साथ की कूड़ा सड़क व नालियों में फेंके जाने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। लेकिन, चेतावनी के बाद भी कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों का कूड़ा नालियों में डाल रहे हैं। ऐसे में बरसात में नालियों का चोक होना तय है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम कोटद्वार देश भर में 305वें स्थान पर रहा। लेकिन, इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में अधिक अंक प्राप्त कर उच्च पायदान पर आने के लिए नगर निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसके लिए क्षेत्रवासियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने के बजाय कूड़ेदान का इस्तेमाल करने की अपील की जा रही है। घरों से कूड़ा एकत्रित करने के लिए भी चालीस वार्डों में सुबह-शाम कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों का संचालन हो रहा है। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता भी लगातार स्वच्छता को लेकर आमजन के साथ ही व्यापारियों व विभिन्न संगठनों से सहयोग की अपील कर रहे हैं। लेकिन, शहर में कई ऐसे व्यापारी हैं, जो आज भी सड़क किनारे अथवा नालियों में कूड़ा फेंक रहे हैं। स्पष्ट कहा जाए तो ऐसे व्यापारी नगर निगम की स्वच्छता मुहिम पर पलीता लगा रहे हैं। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान सड़कों में जल भराव की समस्या होना तय है।


कोटद्वार में सड़क पर जमा कूड़े का ढेर

### कोतवाली पुलिस ने शराब के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पौड़ी पुलिस की ओर से शराब तस्करों पर कार्रवाई जारी है। इस क्रम में रविवार को कोटद्वार पुलिस ने दो अवैध शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवर ने बताया कि रविवार को पुलिस टीम बाजार क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने सीताराम पुत्र रामचन्द्र निवासी भैरव मन्दिर आमपड़ाव को 14 पव्वे इम्पीरियल ब्लू, 14 पव्वे 8 पीएम गोल्ड व 30 पव्वे एमसी डबल व प्रदीप पुत्र कुंवर सिंह निवासी आमपड़ाव को 56 पव्वे सोलमेट अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। बताया कि आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में आबकारी अधिनियम मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# उत्तराखंड में बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड में महिला अपराध की घटनाओं को लेकर महिला कांग्रेस ने नंदा की चौकी स्थित राज्य महिला आयोग के दफ्तर में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि महिला सम्मान, भ्रष्टाचार, भय मुक्त समाज और महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। उन्होंने राज्यपाल और महिला आयोग अध्यक्ष को प्रेषित ज्ञापन में महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ हिंसा, बलात्कार और जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि तीन साल में राज्य में हत्या, मासूमों से बलात्कार एवं महिलाओं से सम्बन्धित जघन्य अपराध की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। हर दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सत्ताधारी दल के नेताओं की इन अपराधों में मिलीभगत की भी चिंता जताते हुए ब्यौरा भी ज्ञापन के साथ दिया है। इसमें अंकित भंडारी हत्याकांड के अलावा हालिया 14 ऐसी घटनाओं का जिक्र किया गया है, जो महिलाओं और बच्चियों से दुष्कर्म, गैंगरेप और हत्या के मामले हैं। साथ ही हरिद्वार, लालकुंआ, रुद्रपुर में पिछले दिनों महिला और नाबालिगों के साथ हुई घटना में भाजपा नेताओं की संलिप्तता को लेकर सवाल उठाए हैं। महिला कांग्रेस ने इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मनोरमा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान, जया कर्नाटक, भागीरथी, चन्द्रकला नेगी, जिलाध्यक्ष नैनीताल खष्टी बिष्ट, महासचिव निधि नेगी, अनुराधा तिवाड़ी, मीना शर्मा, पूजा सिंह, आशा रावत, सुनीता कश्यप, सुशीला शर्मा, सुषमा दरमोड़ा, राधा आर्य, कैलाशी, भावना भट्ट समेत अन्य मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ समर कैंप

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज बल्ली में किताब समर कैंप का समापन हो गया है। दस दिवसीय समर कैंप में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल व रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने बताया कि दस दिवसीय किताब समर कैंप में विद्यार्थियों ने भाषण, नाटक व नृत्य की कलात्मक गतिविधियों से ज्ञान अर्जित किया। विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करते हुए पर्यावरण, प्रदूषण, व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर भाषण दिए। वरिष्ठ छात्रों ने शिक्षा के महत्व पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, वहीं किताब क्लब की टीम ने लैंगिक समानता पर जागरूकता फैलाने वाले नाटक का मंचन किया। शिविर के दौरान बच्चों ने स्वयं की बनाई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें राक, पेंटिंग, पत्तियों पर चित्रकारी और वेस्ट मेटीरियल से बनी चीजें सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी। समर कैंप के अंतिम दिन छात्राओं ने गढ़वाली, पंजाबी, बंगाली, राजस्थानी लोकगीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गढ़वाली हास्य नाटिका भी आकर्षण की केंद्र रही। इस मौके पर किताब उना फाउंडेशन के कोर्डिनेटर प्रसन्न सिंह नेगी, बाल भारती पब्लिक स्कूल के संस्थापक गिरिराज सिंह रावत, त्रिलोचन सुंद्रियाल, आयुष, प्रियम आदि मौजूद रहे।

### एक जुलाई से शुरु होगा छः माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड सेवायोजन विभाग के माध्यम से संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र कोटद्वार में एक जुलाई से 31 दिसंबर तक छह माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम में हिंदी टंकण के साथ प्रशिक्षण के साथ ही निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कंप्यूटर, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र कोटद्वार से मिली जानकारी के अनुसार छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र–छात्राओं को रोजगार परक व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में इंटरमीडिएट परीक्षा पास कर चुके छात्र–छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 जून है, जबकि साक्षात्कार 30 जून का होगा। सभी अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र साथ लाने अनिवार्य है।

# केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पहले दिन बिके 180 फार्म

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय में बच्चों का प्रवेश करवाने के लिए अभिभावकों में होड़ मची हुई है। यही कारण है कि सोमवार को पहले दिन ही 180 प्रवेश फार्म की बिक्री हो गई। विद्यालय में संचालित होने वाली कक्षाओं की जानकारी के लिए भी अभिभावक प्रबंधक से जानकारी लेते रहे।

कुछ दिन पूर्व केंद्रीय विद्यालय में इसी सत्र से कक्षाओं के संचालन की घोषणा की गई थी। इसके बाद अभिभावकों में उत्साह बना हुआ है। सोमवार से केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। पहले दिन कक्षा एक के लिए पचास, कक्षा दो के लिए 44, कक्षा तीन के लिए तीस, कक्षा चार के लिए 18 व कक्षा पांच के लिए 33 फार्म की बिक्री हुई। सुबह से विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानने के लिए अभिभावकों की भीड़ उमड़ रही थी। अभिभावकों को जानकारी देने के लिए विद्यालय के कर्मियों की विशेष टीम भी गठित की गई है। विद्यालय प्रबंधक ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया आफलाइन माध्यम से की जा रही है। फार्म के साथ बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है। बताया कि प्रवेश फॉर्म प्राप्त करने और जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून है। प्रवेश प्रक्रिया दोपहर दो बजे तक चलेगी।


कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय के प्रवेश फार्म खरीदने पहुंचे अभिभावक

# कोटद्वार के विकास को जरूरी है लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वन मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भू-कटाव रोकने के लिए नदियों के आसपास सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए प्रस्ताव भी रखा।

देहरादून में विधानसभा अध्यक्ष ने वन मंत्री से मुलाकात की। कहा कि कोटद्वार शहर राजाजी नेशनल पार्क और कॉर्बेट नेशनल पार्क के मध्य स्थित है। यह क्षेत्र पांच प्रमुख नदियों से घिरा हुआ है। बताया कि वन आरक्षित क्षेत्र में वर्षा के दौरान भारी भू-कटाव होता है। ऐसे में वन विभाग को सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाना चाहिए। विस अध्यक्ष ने वन मंत्री के समक्ष सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए 382.45 लाख का प्रस्ताव रखा। साथ ही जनता के हित को देखते हुए जल्द लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण का कार्य करवाने को भी कहा।


देहरादून में वन मंत्री से मुलाकात करती विस अध्यक्ष

### बकरी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : थलीसैण में बकरी चोरी करने के साथ ही व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक के पास से धरदार हथियार के साथ ही चोरी की बकरी भी बरामद की गई है। थलीसैण निवासी धान सिंह की ओर से पुलिस को तहरीर गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि एक दिन पूर्व थलीसैण, ग्राम देवकंडाई मल्ली निवासी विजय सिंह उनके बकरी बाड़े के समीप पहुंचा और मौका देखकर बाडे से एक बकरी चुराकर ले जाने लगा। बताया कि जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर विजय सिंह की इस हरकत का विरोध किया तो वह गाली-गलौच करने लगा। साथ ही विजय ने धारदार हथियार से उनकी उंगली पर वार किया और वहां से फरार हो गया। थलीसैण थाने के प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की गई। बताया कि आरोपित विजय सिंह को थलीसैण बाजार से चोरी की बकरी के साथ ही धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

### तहसील दिवस का रोस्टर जारी

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली में ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला प्रशासन की ओर से जून और जुलाई माह के लिए तहसील दिवस का रोस्टर निर्धारित कर लिया गया है। रोस्टर के अनुसार माह के प्रत्येक मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जून को चमोली, 24 जून को गैरसैंण, 1 जुलाई को नंदानगर, 8 जुलाई जिलासू, 15 जुलाई को पोखरी, 22 जुलाई को कर्णप्रयाग और 29 जुलाई को आदिबद्री में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पेकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम व स्थान** | अंबाला मंडल के जगाधरी में कमांडो प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के सम्बन्ध में मॉडल रेलवे स्टेशन, शैक्षणिक ब्लॉक, खेल क्षेत्र, उन्नत बाधा कोर्स, परिसंचारी क्षेत्र की रोशनी, यार्ड के विद्युतीकरण के लिए सामान्य विद्युत आपूर्ति कार्य, जिसमें 11/0.415 केवी विद्युत उप–स्टेशन की स्थापना और अन्य संबंधित कार्य और कमीशनिंग और चंडीगढ़ में अतिरिक्त रखरखाव और स्थिर सुविधाओं के विकास और अन्य संबंधित कार्य तथा उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत किसी भी अन्य साइट के साथ अन्य सामान्य विद्युत संबद्ध आपूर्ति कार्य शामिल हैं। | | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** | 12 (बारह) माह | **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹ 4,14,21,230.67/- |
| **बयाना राशि जो जमा की जानी है** | रूपए 3,57,100/- (आनलाइन जमा करें) बोली सुरक्षा या तो ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड अनुबंध-ए (1) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के बाद 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा। | | |
| **ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय** | निविदा दिनांक **09.07.2025** समय **11:30** बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **09.07.2025** समय **11:30** बजे खोली जाएगी। | | |
| **निविदा सूचना एंव निविदा प्रपत्र की जानकारी** | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वैबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है एंव निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आई आर ई पी एस की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **24.06.2025** से दिनांक **09.07.2025** तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना **ई–पंजीकरण** करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास-III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है), जो आई टी नियम–**2000** के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं भार्ते निविदा प्रपत्र में दिये गये है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। | | |

प्रपत्र सं0 17-विद्युत/नि./टी/जी.पी.एस/यू.एम.बी./63 दिनांक: 16.06.2025

1789/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क, हो रही परेशानी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** ध्रुवपुर क्षेत्र में पेयजल लाइन बिछाने के लिए जगह-जगह खोदी गई सड़क के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऑटो चालकों ने नगर निगम से शिकायत करते हुए इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

सोमवार को ऑटो चालकों ने नगर निगम में पहुंचकर नगर आयुक्त से मुलाकात की। कहा कि क्षेत्र में नई पेयजल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन, कार्य कर रही कंपनी लापरवाही दिखा रही है। एक ओर से कार्य को पूर्ण करने के बजाय जगह-जगह सड़क को खोदा जा रहा है। कई स्थानों पर सड़क को खुदे हुए एक सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। हल्की वर्षा होने पर सड़क की बुरी स्थिति हो जाती है। ऑटो सहित अन्य वाहन सड़क किनारे मिट्टी में फंसने लगते हैं। अव्यवस्था के कारण सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। बताया कि पूर्व में उन्होंने कंपनी से एक स्थान से कार्य शुरु करने की मांग की थी। लेकिन, कंपनी जगह-जगह सड़क को खोद रही है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।


समस्या के संबंध में नगर आयुक्त से वार्ता करते ऑटो चालक

# ग्राम प्रधान की सीट ओबीसी किये जाने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी :** ग्राम पंचायत डांगी में ग्राम प्रधान की सीट को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) महिला के लिए आरक्षित किए जाने पर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। ग्रामीणों की मांग है कि यदि ग्राम पंचायत में ओबीसी वर्ग की पात्रता नहीं है, तो आरक्षण को अन्य श्रेणी में बदला जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और संवैधानिक दायरे में रहकर संपन्न हो।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में ओबीसी वर्ग का कोई भी प्रमाणित व्यक्ति मौजूद नहीं है, फिर भी सीट को ओबीसी महिला के लिए आरक्षित किया गया है, जो नियमों के विरुद्ध है। समाजसेवी जगमोहन डांगी ने बताया कि वर्ष 2015 से ग्राम डांगी क्षेत्र में ओबीसी प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में ग्राम पंचायत का पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित किया जाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि इस विषय में संबंधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। सोमवार को इस मुद्दे पर जिलाधिकारी कार्यालय में ग्रामीणों की आपत्तियों की सुनवाई की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तथ्यों की जांच कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

# पार्टी को मजबूती के लिए आगे बढ़कर काम करें कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : भारतीय जनता पार्टी के विकसित भारत का अमृतकाल संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में भाजपा थलीसैंण द्वारा ब्लॉक सभागार में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कहा कि संगठन की रीति-नीति पर चलना और पार्टी के विचार लोगों तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों तक अधिक से अधिक लाभ पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा, ताकि आम और निचले स्तर के व्यक्ति को योजना का लाभ मिले, तभी अंत्योदय का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि विश्व में आज देश की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत है। पूरे देश में भाजपा के कार्यकाल में सड़कों का जाल बिछा है। निरंतर हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे है। कहा कि गरीबों को शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, पानी, बिजली, निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा स्वरोजगार हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका अधिक से अधिक लाभ जनता तक पहुंचाएं। इस मौके पर डीसीडीएफ के निर्वतमान अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रावत ने विकसित भारत की संकल्पना एवम इसमें हमारी भूमिका पर अपने विचार रखे। इस दौरान संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की भूमिका, संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पुष्पेंद्र भंडारी, मंडल महामंत्री मनोज रमोला, जय सिंह रावत, श्यामचरण ममगांई, रोशन सिंह, श्याम सिंह रावत, योगेश ममगांई, आशाराम पोखरियाल, बालम भंडारी, सुरेंद्र भंडारी, श्याम सिंह, बलबीर सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राकेश ममगाई ने किया।



### पूर्व पुलिस अधिकारी ओम प्रकाश कांग्रेस में शामिल

देहरादून। पुलिस में 35 वर्षों की सेवा के बाद उपाधिक्षक पद से रिटायर हुए ओम प्रकाश आर्या कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने आर्य को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। आर्य उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ से पुलिस उपाधिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। 2017 में आर्य को राष्ट्रपति की ओर से पुलिस मेडल से अलंकृत किया जा चुका है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में अन्सूमन लिखा गया है, जो गलत है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम वंश कुमार है। अतः मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में वंश कुमार अंकित किया जाय।

**सागर पुत्र आकेश कुमार निवासी आमपड़ाव, इन्द्रानगर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(01031/21)



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 66-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 | 67-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 | 68-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 | 69-DRM-MB-25-26 Dt. 16.06.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair to worn-out door and windows, floor, plaster, leaky roof in the section of SSE/W/B/HPU. | Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.way/BSC under ADEN/HPU. | Misc. civil work and providing desirable MEA at various stations in the section of ADEN/HPU. | Safety work related misc track works in the section of SSE/P.way/HPU under ADEN/HPU. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 59,99,959.06 | 84,99,874.16 | 89,93,094.57 | 89,44,935.51 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,20,000.00 | 1,70,000.00 | 1,79,900.00 | 1,78,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 8 माह | 6 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 26.06.2025 | 26.06.2025 | 26.06.2025 | 26.06.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक 16.06.2025 1790/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### एमडीडीए की टीम ने सौ बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का काम रोका

देहरादून। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की टीम ने सोमवार को लांघा रोड छरबा सहसपुर विकास नगर में करीब सौ बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग का काम रुकवाया। मौके पर किया गया अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। पछुआदून के विभिन्न क्षेत्रों में प्राधिकरण की ओर से चेकिंग अभियान चलाकर अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को सहायक अभियन्ता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता नितेश राणा, सुपरवाइजर प्यारेलाल जोशी ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में लांघा रोड छरबा सहसपुर विकास नगर में करीब सौ बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग का काम रुकवाया। इसके अलावा विष्णुपुरम माजरा में अवैध रूप से किए जा रहे गोदाम के निर्माण कार्य के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की गई। इस दौरान सहायक अभियन्ता निशान्त कुकरेती, अवर अभियन्ता जयदीप सिंह, सुपरवाइजर संजीव मौजूद रहे। उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने समस्त सेक्टरों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखें।

### दिल्ली में किसानों के यंत्रों को छूट दी जाए

हरिद्वार। राकेश टिकैत ने कहा कि एक नवंबर से पहले किसान के 2020 मॉडल ट्रैक्टर, जनरेटर, पंपिंग सेट आदि दिल्ली से बाहर हो जाएंगे। सरकार का यह गणित क्या है। यह सिर्फ पूंजीवाद को बढ़ावा है। यूपी में वाहन 10 साल चलेंगे। उत्तराखंड में वाहन 15 साल चल रहे हैं। दिल्ली से वाहनों को पांच साल में बाहर किया जा रहा है। मांग है कि दिल्ली में किसानों के यंत्रों को छूट दी जाए। शिविर में गढ़वाल मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी, हरिद्वार जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री, राजबीर सिंह, बलराम सिंह, घनश्याम, राजपाल सिंह, शोभाराम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### सीमांत क्षेत्र में बाहरी लोगों के कब्जे हटाने की मांग

विकासनगर। रुद्र सेना की सोमवार को सीमांत क्षेत्र किरोली तप्पड़ में हुई बैठक में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जाहिर की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाहरी लोग अवैध तौर पर घुसपैठ कर हिमाचल प्रदेश के रास्ते चाईंसील क्षेत्र में घुस रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ही सांद्रा वन गुर्जरों का जमावड़ा हुआ, जबकि इसके लिए अनुमति नहीं ली गई थी। कहा कि एक माह में अवैध घुसपैठ बंद नहीं होने पर रुद्र सेना बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। रुद्र सेना के संस्थापक राकेश उत्तराखंडी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बिना अनुमति के वन गुर्जर स्थाई तौर पर निवास करने लगे हैं। अपने निवास स्थल के लिए सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। सरकारी जमीन पर हुए कब्जों को हटाने में राजस्व विभाग असमर्थ साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी बाहरी वन गुर्जर निवास कर रहे हैं वहां पैमाइश कर इस बात का पता लगाना जरूरी है कि कितनी जमीन पर अवैध कब्जे हुए हैं। कहा कि बाहरी लोगों द्वारा किए गए कब्जों को जल्द नहीं हटाया गया तो रुद्र सेना आंदोलन करने के साथ ही धर्म सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इस दौरान डॉ. राजेंद्र सिंह राणा, भानु प्रताप सिंह राणा, प्रदीप नौटियाल, शूरवीर सिंह, पम्मी रावत, सोनू राणा आदि मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान पद के आरक्षण पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

विकासनगर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए विकासनगर ब्लॉक में ग्राम प्रधानों के आरक्षण को कांग्रेस ने नियम विरुद्ध बताते हुए कड़ा ऐतराज जताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि प्रधान पद पर लागू किए गए आरक्षण का दूरगामी परिणाम अच्छा नहीं होगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर संवैधानिक मूल्यों के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। सोमवार को पूर्व मंत्री नवप्रभात ने अपने आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा सरकार देश और प्रदेश में लगातार संवैधानिक मूल्यों के साथ छेड़छाड़ कर रही है, जिसके भविष्य में दुष्परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस साल होने वाले पंचायत चुनावों को चुनाव का प्रथम चरण मान लिया, जबकि प्रदेश में किसी भी तरह का परिसीमन नहीं हुआ है। तथ्यों को जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि नियमानुसार साल 2011 की जनगणना पर आरक्षण लागू किया गया है। साल 2014 में पंचायत चुनाव के दौरान विकासनगर ब्लॉक में ग्राम प्रधान के एसटी वर्ग के लिए छह, एससी वर्ग के लिए छह पद और ओबीसी वर्ग के लिए 19 पद आरक्षित थे।

# पबसोला गांव की बुजुर्ग दानवीर माता कपोत्री देवी ब्रह्मलीन

## राइंकॉ मुंडनेश्वर के विकास में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**जगमोहन डांगी।**

पौड़ी : कल्जीखाल विकासखंड के ग्राम पबसोला की रहने वाली प्रमुख समाजसेवी दानवीर माता बुजुर्ग 95 वर्षीय कपोत्री देवी का शनिवार को ऋषिकेश में स्वर्गवास हो गया है। बुजुर्ग माता कपोत्री देवी विगत एक दशक से अपने परिवार के सदस्यों के साथ ऋषिकेश में रह रही थी। उनके निधन की सूचना से असवालस्यूं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि राजकीय इंटर कॉलेज मुंडनेश्वर के विकास में श्रीमती कपोत्री देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कॉलेज में फर्नीचर से लेकर कक्षा-कक्ष के निर्माण में सहयोग देती थीं और विद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यकमों में बच्चों को पुरस्कृत करती थी।



मात्र तेरह साल की उम्र में डोली सजी और दो साल में ही वैवाहिक जीवन का सूर्य अस्त भी हो गया। सात भाई बहिनों के भरे पूरे परिवार में उस वक्त आखर का ज्ञान नसीब नहीं हो पाया, लेकिन पति की मौत के बाद वह पूरे क्षेत्र के लिए शिक्षा की संवाहक ही नहीं अंनपूर्णा भी बन गई। कपोत्री देवी बीते आठ दशक तक पेंशन की एक-एक पाई क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं को संवारने और उनमें छात्रों के लिए संसाधन जुटाने पर खर्च करती थीं। अपनी गुजर खेती बाड़ी से करती थी और उसका भी एक हिस्सा जरूरतमंदों को दान करती थीं। कपोत्री देवी क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत की पुंज थी। क्षेत्र के जाने माने बुजुर्ग कृषक डॉ. विद्यादत्त शर्मा बताते है कपोत्री देवी एक तपस्विनी थी, 1982 में मुंडेश्वर विद्यालय को उच्चीकरण करवाने में उनका बहुत योगदान रहा। उन्होंने अनशन किया और जल तक ग्रहण नहीं किया, वह समाजिक कार्यों में मातृशक्ति के नेतृत्व में वह हमेशा हमारी साथ एक अग्रणीय भूमिका में रही है। चकबंदी के प्रेणता गणेश सिंह गरीब बताते है कि कपोत्री देवी एक कर्मयोगी महिला थी, जीवन भर जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित रही। उन्होंने अपने स्वर्गीय पति की मिलने वाली पेंशन से मुंडेश्वर विद्यालय ही नहीं आसपास के सभी विद्यालयों में सहयोग किया, उनके संसार छोड़ने से क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है। समाजिक कार्यकर्ता पबसोला निवासी दिनेश खर्कवाल बताते है कि वह बड़ी परिश्रमी महिला थी, उन्हें खेती से बहुत प्रेम था, वह अपनी खेती का अन जरूरतमंदों को दान कर देती थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। विगत एक दशक से गांव के परिवार के सदस्यों के साथ ऋषिकेश में रहती थी।

## एनएचएम और आउटसोर्स कर्मी काला फीता बांधकर जताएंगे रोष

हरिद्वार। एनएचएम और आउटसोर्स से स्वास्थ्य विभाग में तैनात करीब 450 कार्मिकों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है।

उन्होंने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को संबोधित ज्ञापन बहादराबाद सीएससी अधीक्षक को सौंपा। कहा गया कि 16 और 17 जून को जिले के समस्त कार्मिक काला फीता बांधकर कार्य करेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डॉ. रमिंदर सिंह कालरा ने कहा कि जिले में करीब 450 कर्मचारी तैनात हैं।

इसमें 104 आउटसोर्सिंग और 346 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। पिछले तीन माह से स्वास्थ्य परिवार कल्याण समिति और दो माह से आउटसोर्सिंग कार्मिकों को वेतन नहीं मिला। वेतन नहीं मिलने से उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

# जिला अस्पताल में नेत्र और कान रोग के ऑपरेशन शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला अस्पताल पौड़ी के नेत्र रोग और ईएनटी विभाग में ऑपरेशन सेवा शुरू हो गई है। दो मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। दोनों मरीज स्वस्थ है। अस्पताल के पीएमएस डा. एलडी सेमवाल ने ऑपरेशन की सफलता के लिए दोनों विशेषज्ञों की सराहना की है। जिला अस्पताल में नेत्र और कान रोग के ऑपरेशन शुरू होने से मरीजों को अब अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

जिला अस्पताल पौड़ी का संचालन जनवरी 2025 में पीपीपी मोड से हटकर स्वास्थ्य विभाग को मिला था। बीते अप्रैल माह के आखिरी में जिला अस्पताल पौड़ी में नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. गीतांजलि पाल और ईएनटी विशेषज्ञ डा. सोनाली जोशी की नियुक्ति हुई थी। ईएनटी विशेषज्ञ ने बीते 13 मई से ओपीडी सेवा शुरु की थी। जबकि नेत्ररोग विशेषज्ञ ने बीते 17 मई से विधिवत ओपीडी संभाली थी। इसके बाद उन्होंने ऑपरेशन सेवा के संचालन की कवायद भी शुरू कर दी थी। सभी व्यवस्थाएं जुटाए जाने के बाद बीते 29 व 30 मई को दोनों ऑपरेशन थिएटर में उपकरणों की पूजा की गई थी।

इस दौरान ओपीडी में निरंतर 30 से 40 मरीज आ रहे थे। नेत्ररोग विशेषज्ञ डा. गीतांजलि पाल ने बताया कि ग्राम बारथोली निवासी 48 वर्षीय माहेश्वरी देवी की दायीं आंख के कॉर्निया पर किसी बाहरी वस्तु का अहसास, लालिमा, दृष्टि का धुंधला होने की शिकायत थी। जांच में पाया गया कि उन्हें ग्रेड-थ्री स्तर के नेजल पर्टिगियम की समस्या है। जिसका उपचार ऑपरेशन के माध्यम से होने का परामर्श दिया गया। जिसके बाद स्वजनों की सहमति पर उनका सफल ऑपरेशन किया गया। अब वह स्वस्थ हैं। साथ ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है।

# छात्रों को दिया जायेगा नि:शुल्क टंकण प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिला सेवायोजन कार्यालय के नियंत्रणाधीन शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क टंकण व्यवसाय हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।जिला सेवायोजन अधिकारी सुशील चमोली ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवायोजन विभाग के शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में निःशुल्क 6 माह का टंकण प्रशिक्षण, सत्र जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस वर्ग के छात्रों को सामान्य ज्ञान, कंम्प्यूटर टंकण, लेखा, सचिवीय पद्धति, सामान्य गणित, सामान्य हिन्दी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन व कोचिंग प्रदान की जाती है। प्रशिक्षण हेतु आवेदक की शैक्षिक योग्यता इंटर एवं आयु 18 से 35 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में सेवायोजन कार्यालय तथा शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र, पुराना विकास भवन, रुद्रप्रयाग से 17 जून से निःशुल्क प्राप्त करते हुए 30 जून, 2025 तक कार्यालय में जमा किए जाएंगे। इसके उपरांत 07 जुलाई को काउंसलिंग के द्वारा मेरिट के आधार पर शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में उपलब्ध सीटों के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा।

## युवकों पर जानलेवा हमला

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में एक कंपनी से लौट रहे तीन युवकों पर पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने लोहे की रॉड और बेल्ट से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने पीछा कर एक युवक पर फायरिंग की लेकिन गोली नहीं लगी। बाद में तमंचे की बट से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने पांच नामजद और आठ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पिपरा बरौला, लखीमपुर निवासी सूरज वर्तमान में सूर्यनगर कॉलोनी में रह रहा है। पुलिस को दी गई शिकायत में सूरज ने बताया कि वह अपने बहनोई मुन्ना और भांजे रमेश के साथ आरपीटी कंपनी से लौट रहा था। खंडूरी ढाबे के पास कुछ सामान लेने रुके ही थे कि पहले से घात लगाए बैठे बाबू उर्फ शुक्ला, गौरव, विनीत सिंह, अभिषेक, लवी कुमार और उनके आठ–दस साथियों ने उन पर लोहे की रॉड और बेल्ट से हमला कर दिया।

# इकाई प्रभारी (ब्रिडकुल) को कारण बताओ नोटिस जारी

## डीएम ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में जनपद चमोली की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला सभागार गोपेश्वर में जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान इकाई प्रभारी (ब्रिडकुल) के मीटिंग में अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।



जिलाधिकारी ने बताया 1 मार्च 2025 से 31 मई 2025 के बीच कुल 8 दुर्घटना के मामलों का विवरण पेश किया गया, जिनमें से एक मामले में एफआईआर दर्ज हुयी थी, जिसमें पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया गया हैं और अन्य दुर्घटनाओं में जहां ड्राइवर की गलती परिलक्षित होती है उसमें एसडीएम, पुलिस और आरटीओ को संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाने और उन वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं जो अनफिट व्हीकल लेकर चलते हैं, स्पीड लिमिट का पालन नहीं करते अथवा नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान और सड़क चिन्हों व चेतावनी बोर्ड लगवाएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिषेक गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत रावत सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखे : डीईओ

## डीएम ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकार (पं) संदीप तिवारी ने जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जनपद में मतदेय स्थलों की स्थिति, रूट मैप सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को चुनाव को लेकर की जाने वाली तैयारियों को समय से पूर्ण करने और आपदा की स्थिति को देखते हुए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को मतदेय स्थलों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और



व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अधिक सुधारीकरण की आवश्यकता वाले मतदेय स्थलों को चयनित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। मतदान की प्रक्रिया को सुचारू संचालन के लिए उन्होंने मतदान कार्मिकों की आवाजाही के मार्गों की कार्यदायी संस्थाओं की जानकारी के साथ सूची तैयार करने के साथ ही वैकल्पिक मार्गों की भी सूची तैयार करने को कहा। जिलाधिकारी ने आपदा की स्थिति से निपटने के लिए मतदेय स्थलों पर सुरक्षित हैलीपेड के स्थानों का चयन करने व सुरक्षा इंतजामों की भी जांच करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने वन क्षेत्रों में स्थित मतदेय स्थलों की भी सूची तैयार कर पोलिंग पार्टी के लिए विद्युत, पेयजल और भोजन जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक चौबंध करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम पहरी और उप राजस्व निरीक्षकों को भी अलर्ट मोड़ पर रहने, मतदेय स्थलों पर बिजली, पानी के साथ ही सभी व्यवस्थाओं की समय से व्यवस्था करने, स्ट्रांग रुम और नामांकन केंद्रों का निर्धारण कर सीसीटीवी की व्यवस्था, मगणना स्थलों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, परियोजना निदेशक आनंद भाकुनी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचएस भंडारी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में मौजूद थे।

# डीएम ने एक ही स्ट्रोक में 14 अनाथ बौद्धिक अक्षम दिव्यांग बालिकाओं को दिलवाया नया उच्च स्तरीय आशियाना

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल एवं उनकी कोर टीम के प्रयासों से 14 मूकबधिर अनाथ बालिाओं को अब उनका नया आशियाना मिल गया है। अब इन बच्चों को सत्य साईं आश्रम से राफेल होम संस्था में शिफ्ट किया गया। ज्ञातब्य है कि सत्य साईं आश्रम अपने निजी एवं आर्थिक कारणों से बन्द हो रहा है तथा बच्चों को संस्था में रखने को असमर्थ था। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से डीएम ने एक ही स्ट्रोक में 14 अनाथ बौद्धिक अक्षम दिव्यांग बालिकाओं को दिलवाया नया उच्च स्तरीय आशियाना दिव्यांग अनाथ बालिकाओं के पुनर्वास की जरूरत पड़ी, प्रशासन को दलबल से हस्तक्षेप करना पड़ा। उच्च अधिकारियों को बालिकाओं संग रेफल होम भेज विधिवत् सेटल कराया। जिला प्रशासन की सख्ताई का असर प्रत्यक्ष;पूर्ण, प्रभावी रहा 14 मूक बधिर बालिकाओं को बंद होने जा रही सत्य साईं आश्रम से राफैल होम संस्था में विधिवत् दाखिल कराया 'ींबालिकाओं को संस्थाओं द्वारा एडमिशन न देने पर डीएम ने बिठाई थी उच्च स्तरीय जांच। डीएम के तेवर सख्त; कहा पंजीकरण, गांरटी, अन्डरटेकिंग यदि प्रशासन की जिम्मेदारी तो, दिव्यांग असहाय अनाथ बच्चों के शोषण, अधिकारों का हनन अग्राहाय। डीएम ने कहा मानव मूल्य प्रथम; सेवा के नाम पर लिया पंजीकरण, धन उगाई को कुतंत्र न बनाएं संस्थाएं। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि जो एक दस्तखत इन संस्थाओं के संचालन पालन हेतु करोड़ों का धन दिलवा सकता है तो दस्तखत शर्तों का अनुपालन करवाने में भी सक्षम है।

# ''रन फॉर योग'' कार्यक्रम को लेकर कार्मिकों में दिखा उत्साह




**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की पूर्व संध्या पर सोमवार को आयुष विभाग रुद्रप्रयाग द्वारा अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान में ''रन फॉर योग'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन योग के प्रति जन-जागरूकता और स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने हेतु आयोजित किया गया, जिसमें जनमानस के साथ-साथ आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रघुवीर सिंह ने किया। आयुष विभाग से डॉ. रोहित रावत, डॉ. मनीष बर्त्वाल एवं डॉ. दिव्या पाठक आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रन फॉर योग दौड़ अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से प्रारंभ होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अगस्त्यमुनि तक संपन्न हुई। इस दौड़ में लगभग 40 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रघुवीर सिंह ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो मानसिक, शारीरिक और आत्मिक संतुलन को सुदृढ़ करती है। ''रन फॉर योग'' जैसे कार्यक्रमों से समाज में स्वास्थ्य और योग के प्रति रुचि और समझ को बढ़ावा मिलता है, जिससे एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का संचालन आयुष विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ।

# सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाली पैदल यात्रा का हो रहा है विधिवत संचालन

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : रविवार को जंगल चट्टी के निकट निरंतर हो रही भारी वर्षा के कारण गधेरे में अचानक मलबा एवं पत्थरों के आने से केदारनाथ धाम को जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया था। सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा को कुछ समय के लिए अस्थाई रूप से स्थगित किया गया था।

प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से देर सायंकाल में कार्यदायी संस्थाओं के स्तर से पैदल यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आये मलबा पत्थर इत्यादि को हटाने एवं मार्ग को सुचारू करने का कार्य तत्परता से किया गया। सोमवार को प्रातः काल से मौसम के अनुकूल होने पर जनपद में केदारनाथ धाम यात्रा सुचारु करने हेतु मार्ग पूर्ण रूप से साफ कर दिया गया है तथा केदारनाथ धाम की यात्रा पुनः सामान्य रूप से संचालित हो रही है। चूंकि उत्तराखण्ड मौसम विभाग द्वारा सोमवार सहित आगामी दिवसों के लिए भी बारिश की सम्भावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



अकस्मात होने वाली तेज बारिश के कारण पैदल मार्ग में भूस्खलन होने या ऊपर पहाड़ी से पत्थर या मलबा गिरने की सम्भावना बनी रहती है। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा पर आ रहे सभी श्रद्धालु मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपनी यात्रा पर आयें तथा यात्रा के दौरान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए यात्रा हेतु अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें और सावधानीपूर्वक यात्रा करें।

# अफसर यूसीसी के आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाएं : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समान नागरिक संहिता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में यूसीसी पंजीकरण की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान जानकारी दी की यूसीसी पंजीकरण के त्वरित निस्तारण के लिए शासन की ओर से राज्य में सीएससी के लिए जनपदवार प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। जिसके तहत दो चक्र में योजना का संचालन किया जाएगा। योजना का प्रथम चक्र 10 जून से 10 जुलाई 2025 तथा द्वितीय चक्र 11 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक संचालित किया जाएगा। प्रत्येक चक्र के अंत में योजना के निर्धारित मानदंडों



के आधार पर जनपद में सर्वाधिक पंजीकरण करवाने वाले 5 सीएससी को पुरस्कृत किया जाएगा। बताया कि योजना के मानक के अनुसार 130 से अधिक सफल आवेदन करने वाले सीएससी को ही पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सब रजिस्ट्रार के साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को यूसीसी में किए गए आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समान नागरिक संहिता के तहत वर्तमान तक 14 हजार 459 लोगों की ओर से विवाह, विवाह विच्छेद, लिव इन रिलेशन, उत्तराधिकारी सहित अन्य पंजीकरण हेतु आवेदन किया गया है। जिनमें से वर्तमान तक 13 हजार 438 पंजीकरण कर लिए गए हैं। जबकि 13 आवेदन लंबित और 417 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान तक 12 हजार 323 दंपतियों की ओर से विवाह पंजीकरण कराया गया है। जबकि विवाह विच्छेद के 22 पंजीकरण किए गए हैं। इस दौरान सभी सब रजिस्ट्रार व अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में मौजूद रहे।

## पहाड़ के किसानों के लिए विलेज टूरिज्म पॉलिसी बनाए सरकार: टिकैत



हरिद्वार। भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि उत्तराखंड में पहाड़ और मैदानी क्षेत्र के किसानों की समस्याएं अलग–अलग हैं। पहाड़ के किसानों के फायदे के लिए सरकार को काम करने की जरूरत है। पहाड़ के किसानों के लिए सरकार को विलेज टूरिज्म पॉलिसी बनानी चाहिए। यात्रियों से पहाड़ के किसानों को बड़ा फायदा हो सकता है। आय के साधन सृजित हो सकते हैं। साथ ही पहाड़ के किसानों को ट्रांसपोर्ट सब्सिडी मिलनी चाहिए। सोमवार को हरिद्वार लाल कोठी पर भाकियू (टिकैत) के तीन दिवसीय किसान चिंतन शिविर का शुभारंभ हुआ।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com